**भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय, उत्तराखण्ड,**
**"खनिज भवन" भोपालपानी, देहरादून।**

**संख्या** 5938 **/उप0ख0(ईनि)-V/भू0खनि0निदेशा0/2025–26,** **दिनांक** 16 **जनवरी, 2026**

**तकनीकी निविदा का परिणाम**

उत्तराखण्ड शासन, औद्योगिक विकास अनुभाग–1 की अधिसूचना संख्या 977/VII-A-1/2023–24ख/2007, दिनांक 16 जून, 2023 के द्वारा प्रख्यापित उत्तराखण्ड उपखनिज (परिहार) नियमावली, 2023 के अध्याय–4 के नियम–20 (1), (2) एवं (4) में राजस्व नदी तल उपखनिज लॉटों की घोषणा किये जाने, घोषित उपखनिज लॉटों का ई–निविदा सह ई–नीलामी के माध्यम से आवंटन की कार्यवाही के प्राविधानों के दृष्टिगत निदेशालय के कार्यालय ज्ञाप संख्या 5296/उ0ख0(ईनि)–V/वि0का0ज्ञ0/भू0खनि0नि0/2025–26, दिनांक 09 दिसम्बर, 2025 के द्वारा विज्ञप्तिकरण हेतु प्रदत्त स्वीकृत के क्रम में कार्यालय के निविदा आमंत्रण प्रपत्र संख्या 5489/ALM_16/उ0ख0(ईनि)–V/भू0खनि0नि0/2025–26, दिनांक 17.12.2025 के द्वारा जनपद अल्मोडा की तहसील रानीखेत के ग्राम बोहरागांव (कुंजगढ नदी/कोसी नदी) ज0वि0ख0 श्रेणी 10(1) जलमग्न खाता संख्या 133, ब0स0 10अ के खेत नं0 322 मध्ये रकवा 1.020 है0, खेत संख्या 714 मध्ये 0.040 है0, कुल रकवा 1.060 है0 राजस्व उपखनिज क्षेत्र हेतु प्रति वर्ष उपखनिज की निकासी की मात्रा 57,240 टन एवं आधार मूल्य रू0 40,28,400.00 निर्धारित करते हुए, उक्त उपखनिज लॉट को नियमावली के नियम 20(2) के प्रावधानानुसार 05 है0 से कम क्षेत्रफल हेतु राज्य के मूल निवासी/निवासियों की समितियों/फर्म/कम्पनियों को 05 वर्ष की अवधि हेतु ई–निविदा सह ई–नीलामी के माध्यम से आवंटन के लिए तकनीकी निविदा एवं वित्तीय निविदा में इच्छुक बोलीदाताओं हेतु निर्धारित समय–सारणी के अनुसार ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की गयी, जिसके क्रम में तकनीकी निविदा निर्धारित तिथि दिनांक 09.01.2026 (शुक्रवार) को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष निविदा समिति के द्वारा खोली गयी।

निविदा समिति की संस्तुति के दिनांक 09.01.2026 के अनुसार जनपद अल्मोडा की तहसील रानीखेत के ग्राम बोहरागांव (कुंजगढ नदी/कोसी नदी) ज0वि0ख0 श्रेणी 10(1) जलमग्न खाता संख्या 133, ब0स0 10अ के खेत नं0 322 मध्ये रकवा 1.020 है0, खेत संख्या 714 मध्ये 0.040 है0, कुल रकवा 1.060 है0 राजस्व उपखनिज क्षेत्र में 09.01.2026 (शुक्रवार) को खोली गयी तकनीकी निविदा में प्राप्त निविदाताओं का विवरण निम्नवत् है:–

| क्र0सं0 | निविदादाताओं का नाम | तकनीकी निविदा का परिणाम |
|---|---|---|
| *1* | *2* | *3* |
| 1. | श्री अमित अग्रवाल | निविदाकार द्वारा निविदा से सम्बन्धित अभिलेख मूल रूप में निदेशालय को उपलब्ध न कराये जाने के कारण असफल निविदाकार घोषित। |
| 2. | श्री नवीन चन्द्र नैनवाल | अभिलेख पूर्ण। |
| 3. | ए–वन ट्रेडिंग कॉरपोरेशन | अभिलेख पूर्ण। |

अतः निविदा समिति की संस्तुति के अनुसार उपरोक्त वर्णित उपखनिज लॉट की 09.01.2026 (शुक्रवार) को खोली गयी तकनीकी निविदा में उपरोक्त तालिका के बिन्दु संख्या 01 में उल्लिखित निविदाकार द्वारा निविदा से सम्बन्धित अभिलेख मूल रूप में निदेशालय में जमा न किये जाने तथा वित्तीय निविदा हेतु 03 सफल निविदाकार न होने के फलस्वरूप उक्त लॉट की निविदा की कार्यवाही को निरस्त किया जाता है तथा पुनः निविदा आमंत्रण हेतु अनुमति प्रदान की जाती है।

16/01/26

**(अनिल कुमार)**
अपर निदेशक
कृते निदेशक

**संख्या** 5938 **/उप0ख0(ईनि)-V/भू0खनि0निदेशा0/2025–26,** **तद्दिनांकित।**

**प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु सादर प्रेषित :–**

1. प्रभारी अधिकारी, आई0टी0 सेल, भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय, उत्तराखण्ड, देहरादून को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि उपरोक्त तकनीकी निविदा का परिणाम www.uktenders.gov.in में अपलोड करना सुनिश्चित करें।

16/01/26

**(अनिल कुमार)**
अपर निदेशक
कृते निदेशक